an>

Title: Need to provide railway link to Bilada and Ber in Jodhpur.

SHRI P.P. CHAUDHARY (PALI): Thank you, Madam Speaker, for giving me this opportunity to speak during 'Zero Hour.'

महोदया, मेरा इश्यू रेल मंत्रालय से संबंधित है। जोधपुर और दिल्ली के बीच में 600 किलोमीटर की दूरी है। उसके बीच में बिलाड़ा और बर का 40 किलोमीटर का एक मिसिंग रेल लिंक है जो ब्रिटिश टाइम से पड़ा है। इसके लिए रेलवे बोर्ड और रेल मंत्रालय ने स्वीकृति दी। उसके बाद 1997 में तत्कालीन रेलवे मंत्री जी ने घोषणा की और शिलान्यास भी कर दिया। लेकिन प्लानिंग कमीशन ने उसको इस आधार पर अस्वीकृत कर दिया कि कॉमर्शियली वायेबल नहीं है। लेकिन मैं रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि हमारे भारत की जो रेल हैं, सिर्फ कामर्शियल वायेबिलिटी पर नहीं चलती हैं, सोशल वायेबिलिटी और कामर्शियल वायेबिलिटी को हमें बैलैंस रखना पड़ता है। लेकिन अभी by afflux of time, पुनः परीक्षण करें तो वहाँ लाइम स्टोन की काफी माइन्स हो गई हैं और वहाँ सीमेंट प्लांट आ गए हैं। उसकी वजह से ट्रांसपोर्टेशन रोड के द्वारा होता है। इसके अलावा वहाँ हैंडीक्राफ्ट का मार्केट है, और ग्वार गम और वहाँ एक्सपोर्ट ओरियेंटेड यूनिट्स भी आ गई हैं। रक्षा के पॉइंट ऑफ व्यू से भी यह रेल लिंक बहुत ही महत्वपूर्ण है। पैसैंजर इसमें 70 किलोमीटर दूर ट्रैवल करके जाते हैं और उसके बीच में कहीं रेल लिंक नहीं है। इसलिए यह एक बहुत महत्वपूर्ण रेल लिंक जो आल्टरनेट रेल लिंक है जोधपुर से दिल्ली के बीच में, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि वे कल जो बजट पेश कर रहे हैं, उसको इसमें लें। बहुत बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री पी.पी.चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।